दिन– मंगलवार

दिनांक– 23 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज पैंसठ विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सम्मान प्रदान किये।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– एनडीए सरकार डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों के अनुसार श्रेष्ठ भारत के लिए कर रही है कार्य।

03. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल राज्य भर में सिपाही भर्ती परीक्षा का होगा आयोजन। रेलवे आज और कल सत्ताईस परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का कर रहा है परिचालन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तर–पूर्वी और उत्तर–पश्चिमी भागों में कई स्थानों पर आंधी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति ने दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और छप्पन पद्मश्री सहित कुल पैंसठ पद्म अलंकरण प्रदान किये। पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा और पूर्व न्यायधीश के.टी. थॉमस को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरू शिबू सोरेन को मरणोपरान्त पदम् भूषण से सम्मानित किया गया। पार्श्व गायिका अल्का यागनिक, सुविख्यात टेनिस खिलाडी विजय अमृतराज और अभिनेता ममूटी को पदम् भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पद्मश्री से विभूषित किया गया।

---

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ नेफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल की शुरूआत नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढाने में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नीलामी संबंधी गतिविधियों को सुगम बनाने और किसानों और कृषि संस्थाओं के हित में नैफेड की कार्य कुशलता बढाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने किसानों की सीधी भागीदारी को मजबूत करने के लिए खरीद कार्यों में बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का आह्वान किया।

———बाइट———

आने वाले दो सालों में सहकारिता मंत्रालय सुनिश्चित करेगा कि दलहन का एक दाना भी एन.सी.सी या कोर नाफेड में व्यापारियों के माध्यम से न आए, सीधा किसानों के माध्यम से आए, जिससे मुनाफा पूरा किसानों के पास हो। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर बना दिया है, अब ये इंफ्रास्ट्रक्चर को नीचे तक पहुंचाना है और उसमें मैं मानता हूं कि नाफेड और एन.सी.सी अपनी भी दृढ़ता के साथ शुद्ध तरीके से काम करने की शुरुआत करनी पड़ेगी, तभी जाकर परिणाम मिलेगा।

नैफेड की प्रगति का जिक्र करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह संगठन आज चौहत्तर लाख किसानों की सेवा करने वाला एक मजबूत संस्थान बनकर उभरा है।

———बाइट———

नैफेड ने एक प्रकार से नेफिक्स डॉट इन, दृष्टि, ईआरपी और नैफेड कल्याण, ये चार पहलों की शुरुआत की। वो क्रांतिकारी इसलिए है कि नैफेड जो 2014 में बंद होने की कगार पर आ गया था, आज नैफेड ये सारी पहल करके पांच सौ करोड़ के मुनाफे के साथ तीस हजार करोड़ के टर्न ओवर के साथ देश के 74 लाख किसानों की सेवा कर रहा है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दूरदर्शी विचारों और संकल्पों को साकार किया जा रहा है। श्री चौधरी पटना स्थित भाजपा कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक श्री मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने उनकी स्मृति में भव्य पार्क बनाने की घोषणा भी की है।

———बाइट———

---

भारतीय जनता पार्टी आपातकाल की वर्षगांठ के अवसर पर पच्चीस जून को राज्य भर में संविधान हत्या दिवस के रूप में मनायेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन जायसवाल ने आज पटना में प्रेस वार्ता में बताया कि इस अवसर पर पटना के ज्ञान

भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जे.पी. सेनानियों का सम्मान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा कल प्रदेश भर के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। इसको लेकर सुरक्षा के व्यापाक प्रबंध किय गये है। इधर, रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बतया कि आज और कल कुल 27 परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। उन्होंनें बताया कि आज रात पटना, दानापुर, पटलीपुत्र, गया, भभुआ रोड और नवगछिया समेत विभिन्न स्टेशनों से सहरसा, सीवान, बेतिया, अररिया, पूर्णिया और मधुबनी के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रहीं हैं। वहीं कल बिहारशरीफ, राजगीर, किऊल, नवादा, बक्सर, झाझा, गया, सुपौल, बेतिया, पूर्णिया, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और कटिहार समेत विभिन्न स्टेशनों के बीच अठारह परीक्षा विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

---

उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने ऋण वितरण को लेकर बैंको के खराब प्रदर्शन पर नराजगी जताई है। पटना में राज्य स्तरीय बैंकर्स कमिटी की बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि ऋण वितरण में बैंकों की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के मुकाबले अब तक बहुत कम ऋण वितरित किये गये है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को प्रदर्शन सुधारने की चेतावनी भी दी है।

---

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्री कुमार आज पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल  के रेडियोलॉजी विभाग का उद्घाटन के बाद समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने बैठक में पीएमसीएच के किसी भी वरीय अधिकारी की मौजूदगी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गैर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

---

गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पांच चीनी मिले खोलने का लक्ष्य रखा गया है। पटना में गन्ना नर्सरी योजना और डिजिटल गन्ना सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ करते हुए श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार गन्ना किसानों को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि गन्ना आधारित उद्योगों के समग्र विकास के लिए विभाग ने कोयम्बटूर स्थित गन्ना प्रजनन संस्थान और आईआईटी पटना के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

---

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में पिछले दिनों हुए पुलिस मुठभेड़ मामले में जगदीशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और तत्कालीन शाहपुर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुठभेड़ में मृत युवक भरत तिवारी की माँ के बयान के आधार पर इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजावलपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। पुसिल ने फैक्ट्री के संचालक इम्तियाज अफरीदी को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से एक बेस मशीन, एक बैरल, तीन अर्धनिर्मित मैग्जिन सहित हथियार बनाने के कई समान बरामद किया गया।

---

राज्य के अधिकतर भागों में मानसून की सक्रियता दिख रही है। मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार आज दोपहर बाद भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, बेगूसरा और आस पास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटो के दौरान दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, भागलपुर समेत राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और

दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर आंधी बारिश की आशंका है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात भी हो सकता है।

–––बाइट–––

इधर बक्सर, भोजपुर, रोहतास, जहानाबाद, पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में लू की स्थिति बनी हुई है।

---

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य भागों के कुछ स्थानों पर वज्रपात की घटना दर्ज की गई है। हमारे बेगूसराय संवाददाता ने बताया है कि बलिया प्रखंड में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

आगामी मानसून के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में संभावित बाढ़ की स्थिति को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सुपौल ज़िले में बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा के क्रम में ज़िला आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता मोहम्मद तारिक और सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी चन्द्रभूषण कुमार ने आज जिले के किशनपुर और सरायगढ़ अंचल का निरीक्षण किया। किशनगंज के जिलाधिकारी नवीन कुमार ने जिले में संभावित बाढ़ और कटाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में राहत और बचाव कार्य, आश्रय स्थलों, चिकित्सा सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था तथा एनडीआरएफ–एसडीआरएफ जवानों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की।

---

रोहतास जिले में आरा–सासाराम मुख्य मार्ग पर सिकठी गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में बिहार पुलिस के कई जवान घायल हो गए। एफसीआई के चावल लदे एक ट्रक ने पुलिसकर्मियों को लेकर जा रही बस में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीन पुरुष और नौ महिला जवान घायल हो गईं। गंभीर रूप से घायल महिला

पुलिसकर्मी नंदनी कुमारी को सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बिक्रमगंज के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

———बाइट———

---

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के तत्वावधान में निजी चैनलों की प्रतिस्पर्धा के बीच लोक प्रसारक दूरदर्शन और आकाशवाणी की प्रासंगिकता को लेकर एक सर्वेक्षण किया जायेगा। विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय अकादमिक टीम और बोनाफाइड जर्नलिस्ट सोसाइटी विभिन्न चरणों में यह सर्वेक्षण करेगी।

---

जहानाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर नगर थाना परिसर ने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

---

अररिया जिले में सत्रह जून से छब्बीस जून तक नशामुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों और कार्यालयों में नशामुक्ति को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनखर चौक के पास एक दो पहिया वाहन के शोरूम में अगलगी की घटना में कई वाहन जलकर नष्ट हो गये।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बक्सर दौरे के दौरान प्रशासनिक लापरवाही के आरोप में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ऋत्विक को निलंबित कर दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने यह कार्रवाई की है।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बनौधा के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से आठ सौ लीटर विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज पैंसठ विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सम्मान प्रदान किये।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– एनडीए सरकार डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों के अनुसार श्रेष्ठ भारत के लिए कर रही है कार्य।

03. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल राज्य भर में सिपाही भर्ती परीक्षा का होगा आयोजन। रेलवे आज और कल सत्ताईस परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का कर रहा है परिचालन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तर–पूर्वी और उत्तर–पश्चिमी भागों में कई स्थानों पर आंधी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

**समाप्त**